**[भारत के राजपत्र में प्रकाशित होने के लिए, असाधारण, भाग III, खंड 4]**

**भारतीय रिज़र्व बैंक**
**विदेशी मुद्रा विभाग**
**केंद्रीय कार्यालय**
**मुंबई – 400001**

**अधिसूचना सं. फेमा.23(आर)/(6)/2025-आरबी** **24 जून 2025**

**विदेशी मुद्रा प्रबंध (माल और सेवाओं का निर्यात) (संशोधन) विनियमावली, 2025**

विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम, 1999 (1999 का 42) की धारा 47 की उप-धारा (2) के खंड (बी) और धारा 7 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक एतद्द्वारा विदेशी मुद्रा प्रबंध (माल और सेवाओं का निर्यात) विनियमावली, 2015 [दिनांक 12 जनवरी 2016 की अधिसूचना सं.फेमा 23(आर)/2015-आरबी], (जिसे इसके पश्चात 'मूल विनियमावली' कहा गया है), में निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात्::

**1**. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ: -
(i) इन विनियमों को विदेशी मुद्रा प्रबंध (माल और सेवाओं का निर्यात) (संशोधन) विनियमावली, 2025 कहा जाएगा।
(ii) यह विनियमावली सरकारी राजपत्र में उसके प्रकाशन की तारीख से लागू होगी।

**2**. मूल विनियमावली में, विनियम 4 में, उप-विनियम (सी) के बाद निम्नलिखित उप-विनियम (सीए) जोड़ा जाएगा, अर्थात्: -
"सीए) अपतटीय सहायता सेवाएं प्रदान करने के लिए उपयोग किए जाने वाले टग्स, टग बोट, ड्रेजर और जलयान, भारत में उनके पुन: आयात के अधीन"

(एन. सेंथिल कुमार)
मुख्य महाप्रबंधक

---

**पाद टिप्पणी**: मूल विनियमावली भारत सरकार के सरकारी राजपत्र- असाधारण – भाग-II, खण्ड 3, उप-खण्ड (i) दिनांक 12.01.2016-जीएसआर संख्या 19 (ई), में प्रकाशित की गयी थी और इसे बाद में निम्नानुसार संशोधन किए गए:

i. जीएसआर संख्या 635 (ई) दिनांक 23.06.2017
ii. फेमा 23(R)/(2)/2019-आरबी दिनांक 03 दिसंबर 2019
iii. फेमा 23(R)/(3)/2020-आरबी दिनांक 31 मार्च 2020
iv. फेमा 23(R)/(4)/2021-आरबी दिनांक 08 जनवरी 2021
v. फेमा 23(R)/(5)/2021-आरबी दिनांक 08 सितंबर 2021